# संचालित गतिविधियाँ 2023

| क्रं | दिनांक | गतिविधियाँ |
|---|---|---|
| 1. | 25/01/23 | गणतंत्रता दिवस |
| 2. | 26/01/23 | बंसत पंचमी |
| 3. | 7/03/23 | होली उत्सव |
| 4. | 16/03/23 | महिला दिवस |
| 5. | 29/04/23 | दाना–पानी |
| 6. | 29/05/23 से 20/05/23 | समर कैंप |
| 7. | 06/06/2023 | प्रतिभा सम्मान समारोह |
| 8. | 06/07/23 | विज्डम 2023 |
| 9. | 14/07/23 | वृक्षारोपण |
| 10. | 15/08/2023 | स्वतंत्रता दिवस |
| 11. | 29/08/23 | राखी बनाओ प्रतियोगिता |
| 12. | 05/09/2023 | राखी एवं जन्माष्टमी उत्सव |
| 13. | 19/09/2023 | गणेश उत्सव |
| 14. | 17/10/23 | इन्ट्रोडॅक्शन पार्टी |
| 15. | 17/10/23 | फेयरवेल पार्टी |
| 16. | 10/11/23 | मेहन्दी |
| 17. | 10/11/23 | रंगोली |

संचालित गतिविधियाँ २०२३

SGSM COLLEGE

ੴ SATGURU PRASAD

# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ बसंत पंचमी ”

दिनांक २६/०१/२०२३ को प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज की ओर से बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी का पीले फूलों से पूजन किया गया एवं प्रसाद का भोग लगाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगणों एवं सभी छात्रों ने माँ सरस्वती जी का पूजन किया। अंत में सभी के लिये महाविद्यालय की ओर से स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।






# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)


## “ गणतंत्रता दिवस ”

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा घोषित २३ जनवरी से २९ जनवरी तक ‘‘गणतंत्र दिवस सप्ताह समारोह’’ के तहत आज दिनांक २५/०१/२०२३ को सरदार ज्ञान सिंह मेमोरियल महाविद्यालय की ओर से गणतंत्रता दिवस करगवां शासकीय विद्यालय के छात्रों के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा, श्री सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, शिवकुमार शर्मा, जितेन्द्र सर, सीमा मैडम करगवां शासकीय विद्यालय के लिये गये। करगवां शासकीय विद्यालय के छात्रों ने कविताऐं, देश भक्ति गीत सुनाए। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा जी ने गणतंत्रता दिवस के बारे में छात्रों को बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को झंडे, बिस्किटस एवं उपहार आदि दिए गए।





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ महिला दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह ”

दिनांक १६/०३/२०२३ सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज बड़ागांव, मुरार, ग्वालियर में महिला दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ऑल इंडिया प्रेसीडेंट लीनेस मेजर डॉ. आशा माथुर रही। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। महाविद्यालय की छात्रा इक्षा कुशवाह ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात महाविद्यालय की सालाना गतिविधियों में विजेता प्रतिभागी छात्रों को मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया। डॉ. आशा माथुर जी ने अपने अनुभव सांझा किये। अंत में महाविद्यालय के संचालक श्री सुरिन्दर पाल सिंह सचदेवा जी द्वारा आभार व्यक्त किया।







# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ दाना-पानी ”

दिनांक २९/०४/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, ग्वालियर में गर्मी के मौसम में पक्षियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए ‘‘दाना- पानी’’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा मैडम, महाविद्यालय के संचालक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह सचदेवा सर एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ मेंम्बर्स ने सकोरों में दाना पानी भरकर पेड़ों के आसपास रखे गये। सभी ने संकल्प लिया कि प्रतिदिन महाविद्यालय आते ही सकोरों में दाना पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## "समर कैंप"

दिनांक ०५/०५/२०२३ से २०/०५/२०२३ तक सरदार सिंह मेमोरियल महाविद्यालय की ओर से नवयुग हायर सेकैंड्री विद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में लगभग २५ छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय की ओर से श्री जितेन्द्र उच्चकोटिया सर ने छात्रों को कार्डबोर्ड का केक, ग्लेटर शीट की पिकोक, क्लेवर्क, सिल्वर फॉइल पेंटिग, बॉल हेंगिंग, पैन होल्डर, ग्रीटिंगकार्ड आदि सामग्री छात्रों को बनाना सिखाई।






# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## "प्रतिभा सम्मान समारोह"

दिनांक ०६/०६/२०२३ को सरदार ज्ञान सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि म०प्र० के उच्च शिक्षा मंत्री माननीय श्री डॉ मोहन यादव जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री जी के कर कमलों से क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन किया गया। सर्व प्रथम मंत्री जी ने माँ सरस्वती का पूजन किया। इसके पश्चात मंत्री जी ने बी.एड. में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा इश्लीन कौर को सम्मानित किया। इसके पश्चात मंत्री जी द्वारा भाषण दिया इसके बाद महाविद्यालय के संचालक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह सचदेवा जी ने मुख्य अतिथि श्री डॉ मोहन यादव जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।





# Sardar Gian Singh Memorial College
Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## ‘‘ विज्डम २०२३ ’’

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक ०६/०७/२०२३ को सरदार ज्ञान सिंह मेमोरियल महाविद्यालय की ओर से नेशनल चिल्ड्रन हा. से. स्कूल एवं नवयुग हा. से. स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ‘‘विज्डम २०२३’’ प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा ८ के छात्रों के लिए रखी गई। इस प्रतियोगिता में एक प्रश्नपत्र तैयार किया जिसके अन्तर्गत सामान्य ज्ञान , गणित, विज्ञान, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र आदि से संबंधित वस्तुनिष्ठ परीक्षा ली गई। १०० प्रश्नों को हल करने के लिए १ घंटे का समय दिया गया। सभी प्रश्नपत्रों को एकत्र करके उन्हें चैक किया एवं परिणाम तैयार किया गया। टॉप १० छात्रों को सम्मानित किया गया।






# Sardar Gian Singh Memorial College
Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)


## ‘‘ विज्डम २०२३ परिणाम’’

### *नवयुग हा. सै. स्कूल मुरार*

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अन्नया श्रीवास | प्रथम | 2. सचिन गुर्जर | द्वितीय |
| 3. आर्यन सिंह | द्वितीय | 4. सुमित सिंह | तृतिय |

### *नेशनल चिल्ड्रन हा. सै. स्कूल बड़ागॉव*

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. मयंक सोनी | प्रथम | 2. अभिकृती राजावत | द्वितीय |
| 3. अदित्य यादव | तृतिय | 4. शरद यादव | तृतिय |
| 5. पृथ्वी राजपूत | तृतिय | 6. कृष्णा राठौर | तृतिय |





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## " स्वतंत्रता दिवस "

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक १५/०८/२०२३ को सरदार ज्ञान सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई। सर्व प्रथम महाविद्यालय के संचालक श्री सुरेन्द्रपाल सिंह सचदेवा जी ने स्वतंत्रता दिवस के बारे में बताया इसके पश्चात देशभक्ति गीत गाया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा जी ने देशभक्ति गीत गाया। इसी क्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ ने देशभक्ति गीत गाये। महाविद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति गीत गाये। कार्यक्रम के अन्त में सभी ने राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम समाप्ति के साथ सभी के लिये स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## " राखी बनाओ प्रतियोगिता "

दिनांक २९/०८/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, ग्वालियर की ओर से राखी बनाओ प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के नियम बताये गये। विद्यार्थियों ने राखी बनाने की सामग्री की फोटो भेजी इसके बाद राखी बनाते समय की फोटो भेजी एवं अंत में कम्पलीट राखी की फोटो भेजी गई। विद्यार्थियों ने रंग विरंगी राखियां बनाई। अंत में फोटो के आधार पर निर्णायक समिति द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा

1. रश्मि राजपूत — प्रथम
2. शिवानी शर्मा — द्वितीय
3. वर्षा बघेल — तृतीय
4. स्नेहा कुमारी — सांत्वना



# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ राखी एवं जन्माष्टमी उत्सव ”

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक ०५/०९/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, ग्वालियर की ओर से शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव मुरार के छात्रों के साथ जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा मैडम जी ने जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस के बारे में बताया। शासकीय विद्यालय के छात्रों इसके पश्चात सभी बालिकाओं ने बालकों को राखी बांधी एवं बालकों ने बालिकाओं को उपहार दिये। कार्यक्रम के अंत में शासकीय विद्यालय की प्राचार्या सहित वहां के समस्त स्टॉफ मेंबर्स को शिक्षक दिवस के अवसर पर, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अपर्णा शर्मा मैडम सहित समस्त स्टॉफ के द्वारा सम्मानित किया गया।






# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)


## “ गणेश उत्सव ”

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक १९/०९/२०२३ को गणेश चतुर्थी के अवसर पर सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल महाविद्यालय में मिट्टी के ईको फ्रेंडली गणेश जी की मूर्ती बनाई गई। महाविद्यालय के जितेन्द्र सर क्राफ्ट टीचर द्वारा सभी महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र छात्राओं को मिट्टी के गणेश जी की मूर्ती बनाना सिखाई। मूर्ती तैयार होने के पश्चात सभी ने अपनी अपनी गणेश जी की मूर्ती एवं उनकी सवारी चूहा को भी रंग भरे। अंत में सभी ने अपने -अपने गणेश जी को अपने अपने घर में स्थापित किया। सभी ने ये संकल्प लिया कि मूर्ती का विसर्जन वे अपने घर में ही करेंगे एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे।





Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “ रंगोली ”

दिनांक १०/११/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, बड़ागावं, मुरार, ग्वालियर में **रंगोली प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र अपनी अपनी रंगोली बनाने की साम्रगी अपने घर से लेकर आये। प्रतियोगिता में सभी छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी रंगोलियाँ बहुत ही सुंदर बनाई गई थीं। अंत में प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:-

1. रश्मि राजपूत, पूजा बघेल — प्रथम
2. आयूषी तोमर, पूजा बघेल, बर्षा बघेल — द्वितीय





Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## “इन्ट्रोडॅक्शन पार्टी”

दिनांक १७/१०/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज में बी.एड. २०२३-२०२५ के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों की **इन्ट्रोडॅक्शन पार्टी** का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम माँ सरस्वती की पूजन के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा द्वारा महाविद्यालय के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात् सत्येन्द्र सर एवं अन्य स्टॉफ द्वारा अपने-अपने विषय से सम्बंधित जानकारी छात्रों को प्रदान की गई। नवीन छात्रों के स्वागत एवं परिचय के उपरान्त उन्हें महाविद्यालय द्वारा स्टेशनरी, ड्रेस, बैच, एवं आई.सी. प्रदान किये गये। इसके पश्चात छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिये स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।





## Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

### “ फेयरवेल पार्टी

दिनांक १७/१०/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज में बी.एड. २०२१-२०२३ के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम माँ सरस्वती की पूजन के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा द्वारा महाविद्यालय के बारे में जानकारी दी गई। इसके पश्चात् चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने नवीन छात्रों का स्वागत किया। इसके पश्चात छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने अपने अनुभव साझां किये। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिये स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।





## Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

### “ मेहन्दी

दिनांक १०/११/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज, बड़ागावं, मुरार, ग्वालियर में मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मेहन्दी बहुत ही सुंदर लगाई थीं। अंत में प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:-

1. निशा धाकरे





# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)

## " होली उत्सव "

दिनांक ०७/०३/२०२३ सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज बड़ागांव, मुरार, ग्वालियर में होली के अवसर पर "होली उत्सव" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने हास्य पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की। विद्यार्थियों के साथ साथ महाविद्यालयीन स्टाफ मेम्बर्स ने भी हास्य रस की कविताऐं पढ़ी। इस अवसर पर सभी ने एक- दूसरे पर रंग लगाये। अंत में संचालक महोदय एवं एच.ओ.डी. मैडम द्वारा सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।






# Sardar Gian Singh Memorial College

Bada Gaon, Morar, Gwalior (M.P.)


## " वृक्षारोपण "

दिनांक १४/०७/२०२३ को सरदार ज्ञानसिंह मेमोरियल कॉलेज,में हरियाली अमावस्या के अवसर पर वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरदार ज्ञान सिंह मेमोरियल महाविद्यालय परिसर में आम, नीम, बेलपत्र, आंवला आदि के पौधे लगाये। इस कार्यक्रम में सरदार ज्ञान सिंह मेमोरियल महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्पणा शर्मा, संचालक श्री सुरिन्दर पाल सिंह सचदेवा जी एवं स्टॉफ मेम्बर्स भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही अन्य कॉलेज के संचालक श्री अनिल जैन, श्री प्रदीप सेन, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह जी सहित सभी ने वृक्षारोपण किया।



